**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ)**
**लघु जल संसाधन विभाग,**
**जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड शेखपुरा, पटना–14**

**ईमेल– ce.pmg-bih@gov.in** **दूरभाष– 0612–2215035**

**संचिका सं0:–ल0ज0सं0(पी0एम0जी0)– डिवार / कालीकृत–24 / 2023– 11 / पटना, दिनांकः– 13/04/2023**

## आदेश

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा के पत्रांक–408 दिनांक–31.01.2023, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना के पत्रांक–265 दिनांक–02.02.2023 एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–368 दिनांक–03.02.2023 द्वारा संवेदक माँ शान्ति इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0, प्रो0–केशव कुमार, हाउस न0–464, नेहरू नगर, पाटलिपुत्रा, जिला–पटना, पिन कोड–800013 निबंधन सं0–MWRD0821C2CO2234 श्रेणी–02 (द्वितीय) को निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02 / 2021–22 के ग्रुप सं0–06 (मेयार आहर पईन योजना का जिर्णोद्धार कार्य) में डाले गये फर्जी कागजात के साथ निविदा में भाग लेने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए इन्हें कालीकृत करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त के क्रम में इस कार्यालय का पत्रांक–123 दिनांक–24.02.2023 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। कारण पृच्छा के क्रम में संवेदक का पत्रांक–शून्य दिनांक–02.03.2023 द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया है कि भुलवश टेण्डर डालने वाले से गलत पेपर अपलोड हो गया है। इस पर संवेदक द्वारा गलती स्वीकार करते हुए माफ करने का भी अनुरोध किया गया है, इस प्रकार गलत वयानी कर संवेदक गुमराह कर रहे है। संवेदक का उक्त स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं पाया गया, क्योंकि निविदा के संलग्न कागजात एवं अभिलेख की सही एवं सत्य होने की जिम्मेवारी संबंधित संवेदक की होती है। उनके द्वारा अभिलेख सही एवं सत्य होने संबंधित जानकारी होने की शपथ पत्र भी निविदा के साथ संलग्न किया जाता है। इसे मात्र आधा अधूरा कागजात अपलोड होने की बात कह कर संवेदक अपने जिम्मेवारी से बच नहीं सकते है।

अतः उक्त के आलोक में विषय की महत्ता के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा / अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों में वर्णित तथ्यों के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा के आलोक में संवेदक माँ शान्ति इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0, प्रो0–केशव कुमार, हाउस न0–464, नेहरू नगर, पाटलिपुत्रा, जिला–पटना, पिन कोड–800013 निबंधन सं0–MWRD0821C2CO2234 श्रेणी–02 (द्वितीय) को बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम –11 (क) (vii) में निहित शर्तो एवं प्रावधानों के आलोक में तत्काल प्रभाव से अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांकः– 302 / पटना, दिनांकः– 13/04/2023

प्रतिलिपि– संवेदक माँ शान्ति इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0, प्रो0–केशव कुमार, हाउस न0–464, नेहरू नगर, पाटलिपुत्रा, जिला–पटना, पिन कोड–800013 निबंधन सं0–MWRD0821C2CO2234 श्रेणी–02 (द्वितीय) को सूचनार्थ प्रेषित।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

E:\New folder-2023\195.docx

पत्रांकः– 302 /पटना, दिनांकः– 13/04/2023

प्रतिलिपि– सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, कार्य विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग/जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण भवन/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

12/04/23 12/04/023

पत्रांकः– 302 /पटना, दिनांकः– 13/04/2023

प्रतिलिपि– आई0टी0मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/04/2023

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

12/04/23 12/04/023

E:\New folder-2023\195.docx